INDIAN SCHOOL SOHAR
SUMMATIVE ASSESSMENT 2– (2015-16)

CLASS: VIII **SUB:HINDI** **FULL MARKS: 60**
DATE : 06 -03-2016 **TIME: 2 Hrs.**

सामान्य निर्देशः

1 कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ 2 हैं।2 इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
3 कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का अंक अवश्य लिखें।
4 कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 11 प्रश्न हैं।

(खंड क) अपठित गद्यांश

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । । 6।

साहित्य एवं कला का मानव जाति से घनिष्ट संबंध रहा है।साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है।मानव समाज के कार्य कलाप वहाँ के साहित्य और कला में प्रतिबिंबत होते हैं।साहित्य की रचना करनेवाला व्यक्ति लोक भावना का प्रतिनिधि होता है।अत साहित्य को जीवन से और जीवन को साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता ।साहित्य और कला अपने अपने देश की अमूल्य निधि हैं।कला के उद्देश्य के संबंध में विद्वानों में मतभेद हैं।किंतु इतना तो सर्वमान्य है कि कला लौकिक मनोरंजन की वस्तु है ।साथ ही यह कहना भी उचित प्रतीत होता है कि जिस प्रकार साहित्य अपने युग की विचारधाराओं को प्रकट करता है उसी प्रकार अन्य कलाएँ भी अपने युग का प्रतिनिधित्व करती हैं।अतएव कहा जा सकता है कि मानव समाज के कार्यकलाप वहाँ के साहित्य और कला में प्रतिबिंबित होते हैं।

(1) साहित्य एवं कला का घनिष्ट संबंध किससे है
(2) मानव समाज के कार्यकलाप किसमें प्रतिबिंबित होते हैं
(3) साहित्य और कलाएँ किसका प्रतिनिधित्व करते हैं
(4) 'इत 'प्रत्यय वाला शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए।
(5) कला का मुख्य उद्देश्य क्या है
(6) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(खंड ख) व्याकरण

प्रश्न 2 (क) निम्नलिखित वाक्यों मे वाच्य पहचानकर लिखिए। ।2।
(अ) महेश से अब चला भी नहीं जाता। (ब) माता जी द्वारा रोटी पकायी जाती है।

(ख) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा करके लिखिए। ।2।
(अ) अपनी अपनी ढपली ..... (ब) जो गरजते हैं .....

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए। ।2।
ऐतिहासिक मधुरतम

(घ) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए। ।2।

(अ) सुन सिय सत्य असीस हमारी। (ब) मंगन को देख पट देत बार बार।

प्रश्न 3 (क) दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए - कार्यशील दवाईया ।1।
(ख) दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए- स्वामी पितामह ।1।
(ग) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - निर्भय विरोध ।1।
(घ) दिए गए वाक्य को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए। ।1।
कविता चित्र नहीं बना रही है। (विधानवाचक)

प्रश्न 4 (क) संधि विच्छेद कीजिए- पवन ऐकैक |2|

(ख) संधि कीजिए - राज + ऋषि भानु +उदय |2|

(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - मिथ्या अभिलाषा |2|

खंड ग साहित्य

प्रश्न 5 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । |5|

महाकवि भारती का जन्म मदास प्रदेश आज का तमिलनाडु में तिनेलवेली नाम के एक गाव में वर्ष 1882 के सितंबर माह में हुआ था ।उनके पिता का नाम चिन्ना स्वामी अय्यर और उनकी माता का नाम लक्ष्मी अम्माल था ।सुब्रह्मण्य को बचपन में प्यार से सब सुब्बैया कहते थे ।सुब्बैया बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली थे। वे पढ़ने लिखने में बड़े तेज थे।उनकी संगीत में भी रुचि थी।कहते हैं कि सात वर्ष की आयु में ही वे कविता करने लगे थे।ग्यारह वर्ष के होते होते वे अच्छी कविता बनाने लगे ।उनके साथी कविताए सुनकर बहुत प्रसन्न होते थे।कुछ ही समय में कविता पारखी भी उनकी कविता की प्रशंसा करने लगे।उन दिनों एट्टयपुरम के राजा ने प्रसन्न होकर समस्त विद्वानों के सामने बालकवि सुब्बैया को 'भारती' की उपाधि से विभूषित किया।'भारती' उस केवल ग्यारह वर्ष के थे

(क) महाकवि भारती का जन्म कब और कहा हुआ

(ख) उनके माता पिता का क्या नाम था

(ग) 'प्रसन्न' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(घ) बालकवि सुब्बैया को किसने 'भारती' की उपाधि से विभूषित किया

(ङ) बचपन में सुब्बैया कैसे थे

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। |5|

अर्धवृत्त जागृत करो अनुग्रह मातहत खरे

प्रश्न 7 निम्नलिखित मुहावरों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। |4|

परलोक सिधारना कलंक धो डालना जमीन में गड़ जाना खून खौल उठना

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। |2|

(क) 'संकीर्ण दीवारों' से कवि का क्या तात्पर्य है

(ख) मधुलिका ने राजकुमार का आग्रह क्यों अस्वीकार कर दिया

(ग) विजय वकील का गाव कहा था

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। |10|

(क) कवि देश को कहा जागृत करने की प्रार्थना कर रहे हैं

(ख) राजा का अनुग्रह न लेने से मधुलिका के जीवन में क्या बदलाव आया

(ग) काशी के जीवन का 'भारती' पर गहरा प्रभाव पड़ा उदाहरण सहित बताइए

(घ) विजय वकील के मन में कौन सी धारणा प्रदूषण की तरह घर कर गई थी

(ङ) बाधुनी बनने पर बाघ को कैसा लगा

खंड घ लेखन

प्रश्न 10 पुस्तक विक्रेता या प्रकाशक से हिंदी की पुस्तके मगवाने हेतु पत्र लिखिए। |5|

अथवा

फल विक्रेता और ग्राहक के बीच एक संवाद लिखिए।

प्रश्न 11 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। |5|

(क) स्वच्छता का महत्त्व (ख) हमारे विद्यालय का वार्षिकोत्सव (ग) देशाटन